# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## HALF YEARLY EXAMINATION

## (SAMPLE PAPER)

**SESSION 2026 – 27**

**SUBJECT : HINDI**

**TIME : 03 HRS** **GRADE – IV** **M.M:80**

**खंड 'क'**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5x2=10)**

रविवार का दिन था। रोहन अपने दादा जी के साथ बगीचे में गया। बगीचे में रंग-बिरंगे फूल खिले थे। लाल गुलाब, पीला गेंदा और सफेद चमेली की खुशबू से सारा बगीचा महक रहा था। दादा जी ने रोहन को बताया कि पेड़-पौधे हमें छाया देते हैं और हवा को साफ करते हैं। हमें पेड़ नहीं काटने चाहिए। रोहन ने दादा जी से वादा किया कि वह हर साल अपने जन्मदिन पर एक पेड़ जरूर लगाएगा। उसने एक छोटा-सा आम का पौधा लगाया और उसमें पानी डाला। तितलियाँ और मधुमक्खियाँ फूलों पर मंडरा रही थीं। रोहन बहुत खुश था।

बहुविकल्पीय प्रश्न:

1. रोहन बगीचे में किसके साथ गया था?

क) पापा के साथ ख) दादा जी के साथ

ग) दोस्त के साथ घ) अकेला

2. बगीचे में कौन-सा फूल नहीं था?

क) गुलाब ख) गेंदा

ग) कमल घ) चमेली

3. रोहन ने हर साल क्या करने का वादा किया?*

क) बगीचे में खेलने का ख) तितलियाँ पकड़ने का

ग) एक पेड़ लगाने का घ) फूल तोड़ने का

4. दादा जी ने रोहन को पेड़-पौधों के बारे में क्या बताया?

5. रोहन ने कौन-सा पौधा लगाए ?

**खंड- ख**

**2. दिए गए वाक्यों मे से संज्ञा शब्दों को छाँटकर लिखिए - (3x1=3)**

क) रिया ने जमकर होली खेली ।

ख) सभी बचपन में शरारत करते हैं ।

ग) माँ का प्यार अनमोल है ।

**3. व्यक्तिवाचक संज्ञा से ख़ाली जगह भरिए - (2x1=2)**

क) मेरे पापा का नाम --------- है ।

ख) मेरे शहर का नाम --------- है ।

**4. निम्नलिखित वाक्यों में लिंग बदल कर दोबारा वाक्य लिखिए - (3x1=3)**

क) राजा महल में बैठा है ।

ख) पिताजी ऑफ़िस जा रहे हैं ।

ग) यह चादर छोटी है ।

**5. वाक्यों को पढ़िए और कोष्ठक में से क्रिया का सही रूप छाँटकर लिखिए - (3x1=3)**

क) बच्चा बातें कर .................... है। **(रहा / रहे)**

ख) बच्चे स्कूल .................... हैं। **(जाता / जाते)**

ग) गाय घास खा रही ....................। **(है / हैं)**

**6. दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप पर ✓ निशान लगाइए -. (2x1=2)**

क) लड़का - लड़के लड़काएँ लड़कें लड़कों

ख) बच्चा - बच्चें बच्चो बच्चियाँ बच्चे

**7. दिए गए वाक्यों में गलत सर्वनाम शब्दों का प्रयोग हुआ है। सही करके लिखिए -. (3x1=3)**

क) वे बाजार में घूम रही है।

ख) यह मेरी किताबें हैं।

ग) तुम कहाँ जा रहे हैं?

**8. दिये गए शब्दों के लिंग बदल कर लिखिए - (4x1=4)**

क) भाई ख) पुरुषों

ग) नेता घ) पिता

**9. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें - (5x2=10)**

क) संज्ञा की परिभाषा लिखिए ।

ख) लिंग के कितने भेद होते हैं ?

ग) वचन की परिभाषा लिखें ।

घ) सवनाम के कितने भेद होते हैं ?

ड़) संज्ञा के अन्य भेदों के नाम लिखें ।

## खंड - ग

**10. . निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (7x1=7)**

नूडल्स मटकती हुई बोली, "ठीक है हम तैयार हैं।"

फिर क्या था! खाने की दुनिया में दौड़ की तैयारियाँ होने लगीं।

जंक फूड की टीम में बर्गर, पिज़्ज़ा, चिप्स, नूडल्स जैसे कई जंक फूड थे। वहीं हेल्दी फूड की टीम में फल-सब्ज़ी, दाल-रोटी, सलाद, दूध-दही, पनीर जैसे कई हेल्दी फूड शामिल थे।

आज रविवार है। दौड़ के लिए मैदान तैयार है। सभी बच्चे-बूढ़े दौड़ देखने के लिए आए थे। बर्गर और पिज़्ज़ा तेजी-से दौड़े लेकिन बीच रास्ते में ही हाँफने लगे। उनकी साँसें ऊपर-नीचे होने लगीं। नूडल्स ने इतराते हुए दौड़ना ही शुरू किया था कि अपने ही लच्छे में उलझकर गिर गई।

चिप्स भागा, तो तेजी से लेकिन आधे रास्ते में ही उसकी हवाइयाँ उड़ गईं।

1. "जंक फूड टीम" में निम्न में से कौन शामिल नहीं था?

क) बर्गर ख) पिज़्ज़ा

ग) पनीर घ) चिप्स

2. नूडल्स दौड़ते समय क्यों गिर गई?

क) वह थक गई थी ख) वह अपने ही लच्छे में उलझकर गिर गई

ग) उसके पास ऊर्जा नहीं थी घ) चिप्स ने उसे गिरा दिया

3. दौड़ किस दिन आयोजित की गई थी?

क) शनिवार ख) रविवार

ग) सोमवार घ) शुक्रवार

4. दौड़ देखने के लिए कौन-कौन आए थे?

5. बीच रास्ते में बर्गर और पिज़्ज़ा के साथ क्या हुआ?

6. रिक्त स्थान भरें

क)हेल्दी फूड टीम में फल-सब्ज़ी, दाल-रोटी, सलाद, दूध-दही और ------शामिल थे।

ख) चिप्स तेज़ी से भागा लेकिन आधे रास्ते में ही उसकी---- उड़ गईं।

**11. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें तथा उनके उत्तर लिखें। (7x2=14)**

क) इस कविता को पढ़ने के बाद आपने क्या तय किया है ?

ख) सुसंगति और कुसंगति में क्या अंतर है ?

ग) दौड़ में किसकी जीत हुई और इससे बच्चों ने क्या सीखा ?

घ) इस कैंटीन में आए बदलाव से सभी लोग क्यों ख़ुश थे ? कोई दो कारण लिखिए ।

ड.) अगर जया को जूलिया वाली सेंडल मिल जाती तो कहानी कैसे बदल जाती ?

च) दौड़ में किसकी जीत हुई और इससे बच्चों ने क्या सीखा ?

छ) अंशु को नए जूते देखकर हुई लेकिन जब उसने उस व्यक्ति को देखा जिससे पैर नहीं थी तो उसके मन में क्या बदलाव आया और क्यों कारण भी बताइए ?

**12. निम्नलिखित शब्दों को पढ़कर उनके अर्थ लिखिए - (9x1=9)**

| | | |
|---|---|---|
| क) ढेला | ख) हेल्दी फ़ूड | ग) विजेता |
| घ) पोषक तत्व | ङ.) सुगंध | च) विटामिन |
| छ) अपनाना | ज) बालकनी | झ) थामा |

## खंड - घ

13. अपने जन्मदिन की पार्टी में बुलाने के लिए दोस्त को पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

अपने स्कूल की नई बातें बताते हुए दादा जी को पत्र लिखिए।

**14. दिए गए चित्र को देख कर 20-25 शब्दों में वर्णन कीजिए।** (5)

